# राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम, मुख्यालय जयपुर

परिवहन मार्ग, चौमू हाउस, जयपुर (राजस्थान) 302001

क्रमांकः एफ.12/मुख्या/याता/संचा/2025/ 1012. दिनांकः 31/10/25

जोनल मैनेजर/मुख्य प्रबन्धक
राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम,
...................... आगार।

विषयः— दिनांक 06.11.2025 को आयोजित होने वाली परिचालक सीधी भर्ती परीक्षा—2024 में परिवहन व्यवस्था किये जाने के सम्बन्ध में।

प्रसंगः— श्रीमान सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के पत्रांक प.8(118)RSSB/प.आ./परिचालक सीधी भर्ती/2024 दिनांक 28.10.2025 (RajKaj Ref. No. 18507139)

उपर्युक्त विषयान्तर्गत प्रासंगिक पत्र के क्रम में राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर द्वारा दिनांक 06.11.2025 को आयोजित होने वाली परिचालक सीधी भर्ती परीक्षा—2024 का आयोजन निम्नतालिका कार्यक्रम अनुसार अजमेर, अलवर, बांसवाड़ा, बारां, बाड़मेर, भरतपुर, भीलवाड़ा, बीकानेर, जयपुर, झुन्झुनू, जोधपुर, कोटा, श्रीगंगानगर, एवं उदयपुर मे आयोजित की जा रही है, जिसमें लगभग 01 लाख 09 हजार (सूची संलग्न) परीक्षार्थी पंजीकृत हैः—

| क्र.सं. | परीक्षा का नाम | परीक्षा दिनांक | परीक्षा समय |
|---|---|---|---|
| 1. | परिचालक सीधी भर्ती परीक्षा—2024 | 06.11.2025 | प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक |

उक्त परीक्षा के सफल आयोजन हेतु निम्नानुसार आदेश प्रसारित किये जाते हैः—

- समस्त मुख्य प्रबन्धकों से अपेक्षा की जाती है कि यात्री सुविधाओं एवं वाहन मरम्मत की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए यथासम्भव निगम की बसों के ठहराव एवं अतिरिक्त बसों की व्यवस्था स्थाई बस स्टेण्ड स्तर पर हो हो, जिससे आगार में उपलब्ध संसाधनों यथा उदघोषणा प्रणाली, बुकिंग विन्डों मानव श्रम आदि का अधिकाधिक उपयोग करते हुए परीक्षार्थियों को बेहतर ढंग से निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा सकें।
- उक्त क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थीयो को निगम की साधारण/द्रुतगामी बसों में परीक्षा दिवस से दो दिवस पूर्व व दो दिवस पश्चात् तक अपने निवास स्थल/कोचिंग स्थल/तैयारी स्थल से परीक्षा केन्द्र तक आने—जाने के लिए निःशुल्क यात्रा की सुविधा प्रदान किया जाना सुनिश्चित करें।
- अभ्यर्थियों की संख्या के अनुसार अतिरिक्त यात्रीभार उठाने हेतु आवश्यक बस संचालन एवं स्टाफ की व्यवस्था करें एवं आगार स्तर पर सभी संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करते हुए निरीक्षण की भी समुचित व्यवस्था की जावें।
- परीक्षार्थीयो के आवागमन हेतु संचालित होने वाली अतिरिक्त वाहनों में परीक्षार्थीयों के सुविधार्थ ऑनलाइन आरक्षण की सुविधा भी की जावें।
- मुख्यालय द्वारा परीक्षार्थीयों को निःशुल्क यात्रा सुविधा उपलब्ध करवाये जाने हेतु जारी आदेश क्रमांक एफ. 4/मु./याता(लेखा—58)/2021/1147 दिनांक 16.04.2021 एवं एफ.4/मु./याता(लेखा—121)/2024/153 दिनांक 19.10.2024 की पालना किया जाना सुनिश्चित करें।
- समस्त जोनल मैनजेर को निर्देशित किया जाता है कि अपने अधीनस्थ आगारों से समन्वय स्थापित कर परिक्षार्थियों के लिए समुचित परिवहन व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नः— उपरोक्तानुसार

(डॉ. ज्योति चौहान)
कार्यकारी निदेशक (यातायात)

क्रमांकः एफ.12/मुख्या/याता/संचा./2025/ 1012 दिनांकः— 31/10/25.

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः—

1. निजी सचिव, अध्यक्ष महोदया, रारापपनिगम, मुख्यालय जयपुर।
2. निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक महोदय, रारापपनिगम, मुख्यालय जयपुर।
3. श्रीमान सचिव, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर के पत्रांक प.8(118)RSSB/प.आ./परिचालक सीधी भर्ती/2024 दिनांक 28.10.2025 (RajKaj Ref. No. 18507139
4. समस्त विभागाध्यक्ष ..............................रारापपनिगम, मुख्यालय जयपुर।
5. महाप्रबन्धक/संयुक्त महाप्रबन्धक/उप महाप्रबन्धक, (   ) रारापपनिगम, मुख्यालय जयपुर।
6. प्रभारी, नियंत्रण कक्ष, रारापपनिगम, मुख्यालय जयपुर।
7. आदेश पत्रावली।

कार्यकारी निदेशक (यातायात)

Document certified by Jyoti Chauhan <jyoti1in@g...il.com>.
Digitally Signed by JYOTI CHAUHAN
Designation: Executive Director
Date: 31-10-2025 11:06:55